The Committee recommended that the House should sit upto 6. 00 P. M. and beyond each day as necessary for the transaction of Government Legislative and other Business.

It also decided that we missed two days of the House and today, we would dispense with the lunch hour, definitely not the lunch.

---

**RE. BOMB BLASTS IN FOUR TRIANS**

SHRI GURUDAS GUPTA (West Bengal) Madam, ... (*Interruptions*) ...

THE DEPUTY CHAIRMAN : I have permitted some people. Let me go accordingly ... (*Interruptions*) ...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA : Madam, there are number of things. The Government must make a statement ... (*Interruptions*) ...

THE DEPUTY CHAIRMAN : I am permitting Mr. Gaya Singh because he came first.

**श्री गया सिंह** (बिहार) : मैडम, आज एक चौंकाने वाली घटना हुई है । देश में चार ट्रेनों में एक साथ बम बिस्फोट हुए—हावड़ा से दिल्ली आने वाली राजधानी एक्सप्रेस में, दिल्ली से हावड़ा जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस में, बंबई से दिल्ली आने वाली राजधानी एक्सप्रेस में, आंध्र प्रदेश से आने वाली ए० पी० एक्सप्रेस में । जैसा अभी माननीय सदस्य बोल रहे थे, एक और ट्रेन में आज सवेरे यह घटना हुई है । इसलिए हम आपके माध्यम से हाऊस को यह सूचना देते हुए सरकार से मांग करना चाहते हैं कि पिछले महीनों में कई ट्रेन एक्सीडेंट हुए, लेकिन आज यह चार-पांच ट्रेन में एक साथ बम विस्फोट हुए हैं, इस पर तत्काल सरकार की ओर से बयान आना चाहिए क्योंकि बहुत सारे हमारे मैम्बर जो हावड़ा से आ रहे थे, बंबई से आ रहे थे, वह भी अभी तक नहीं पहुंच पाए हैं । इसलिए आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए सरकार से बयान की मांग करता हूं ।

**श्री एस० एस० अहलुवालिया** (बिहार) : महोदया, यह जो ट्रेन के अंदर बम रखकर लोगों को आहत करने की कोशिश की गई है, एक पुरानी साजिश है और इससे पहले एक खबर छपी थी कि आई०एस०आई०, पाकिस्तान की इंटेलीजेन्सी, के कुछ लोग यहां पर बहुत सक्रिय हैं और 6 तारीख को वे कुछ बलवा यहां करेंगे । आज के हिन्दुस्तान के सभी अखबारों में, खासकर के दिल्ली के अखबारों में दिया गया है कि यहां के पुलिस कमीशनर द्वारा बहुत सारी तैयारी की गई कि ऐसी कोई घटना यहां न घटे । तो क्या रेलवे अधिकारियों ने भी ऐसी तैयारी की थी ? यहां से ट्रेन चल रही थी या रास्ते में स्टेशनों पर कोई ऐसी तैयारी की गई थी ।

महोदया, दुर्भाग्य की बात है कि इस देश में कम्युनिलिज्म फैलाने वाली बी० जे० पी० पार्टी की हार होने के बावजूद मध्यप्रदेश में एक नया दौर शुरु किया है । मध्य प्रदेश में उन्होंने आज के दिन एक बाबरी मस्जिद, कागज की बाबरी मस्जिद बनाकर उसका एक ताजिया निकालने की एक पहल शुरु की है और उस ताजिए के माध्यम से उसको ले जाकर एक जगह पटाखे की तरह, जिस तरह रावण को जलाया जाता है, उसी तरह वह जलाएंगे । ऐसा करने वाले लोगों को क्यों नहीं राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में रोका जाता, बंद किया जाता ? ऐसे लोगों के खिलाफ क्यों नहीं कार्यवाही होती ? कार्यवाही में देरी होने के कारण ही ऐसी अवस्था से हम गुजर रहे हैं ।

महोदया, जब लोग अच्छी तरह जानते थे, इंटेलीजेन्स फोर्सेज की खबर थी कि आज के दिन यह लोग ऐसा काम करने जा रहे हैं तो इनके जो मिलेजुले लोग थे उनको रोकने की क्यों कोशिश नहीं की गई ? दोनों तरफ से आग भड़कने की कोशिश है, एक तरफ तो एनिवर्सरि मनाई जा रही है और एक तरफ से बदला लेने की भावना चल रही है । हिन्दू और मुसलमानों को, दोनों को लड़ाने की पूरी एक साजिश चल

रही है । इस साजिश को रोकने के लिए गृह मंत्रालय ने क्या प्रोग्राम रखा है । उसको कम से कम सदन के सामने रखा जाना चाहिए ।

**श्री विष्णु कान्त शास्त्री** (उत्तर प्रदेश) : माननीय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि इस महत्वपूर्ण विषय पर आपने मुझे बोलने के लिए अवसर दिया । यह बहुत ही शर्मनाक बात है कि हमारी सरकार न बंबई, न कलकत्ता, न दिल्ली और न ही मद्रास के बम-विस्फोटों का कोई विश्लेषण कर किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकी है और न ही किसी बम विस्फोटकारी को कोई दंड दिया गया है ।

**उपसभापति** : अभी तो, आज ही तो हुआ, रात ही को तो हुआ है ।

**श्री विष्णुकान्त शास्त्री** : नहीं पुराने बम विस्फोटों के बारे में बात कर रहा हूं । मैं उस कड़ी से इसको जोड़ रहा हूं ।

**उपसभापति** : आपने तो आज का पूछा था ।

**श्री विष्णुकान्त शास्त्री** : मैं उसके बारे में बता रहा हूं । मैं यह बता रहा हूं, चूंकि बंबई, कलकत्ता, दिल्ली और मद्रास में बम विस्फोटों का जिन्होंने अपराध किया, उनको कोई दंड नहीं दिया गया इसलिए उन अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं । उनके बढ़ते हुए, हौसले, इस बात का प्रमाण हैं कि आज एक साथ चार-चार प्रतिष्ठित राजमार्गों पर चलने वाली रेलों में बम विस्फोट हुए हैं । यह बिल्कुल स्पष्ट है कि यह बम विस्फोट सुनियोजित हैं । यह बिल्कुल स्पष्ट है कि यह बम विस्फोट देश के दुश्मनों के द्वारा किए गए हैं और संभवतः विदेशी ताकतों के इशारे पर किए गए हैं । मैं केन्द्रीय सरकार से यह जानना चाहूंगा कि वह इस सिलसिले में क्या कर रही है ? मैं यह भी जानना चाहूंगा कि आखिर, बम-विस्फोटकारियों के हौसले पस्त करने के लिए वह कौनसा कदम उठाने जा रही है ? जब तक केन्द्रीय सरकार अपराधियों को दण्ड नहीं देती तब तक ऐसे अपराधी और बढ़ते चले जाएंगे । इसलिए मेरी यह मांग है कि आज माननीय गृह मंत्री जी यहां आकर स्पष्टीकरण करें और हमें बताएं कि इन विस्फोटकारियों के विरुद्ध वह कौनसा कदम उठाने जा रहे हैं ?

**श्री लक्खीराम अग्रवाल** (मध्य प्रदेश) : मैडम, भोपाल के बारे में जो भारतीय जनता पार्टी के ऊपर माननीय सदस्य के द्वारा आरोप लगाया गया है, वह पूर्णतया गलत है । उसकी जांच कराई जानी चाहिए । वह किस प्रकार का षड्यंत्र है, भा० ज० पा० ने इस प्रकार का कोई कार्य नहीं किया है । मैं पूरी तरह से इसका खण्डन करता हूं । अहलुवालिया जी ने गलत उठाया है।..... (व्यवधान)

**श्री एस० एस० अहलुवालिया** : खण्डन क्या करते हैं ? वही कर रहे हैं । डिफेंड क्या करते हैं आप ?

**श्री लक्खी राम अग्रवाल** : बिल्कुल गलत बात है ।

**श्री एस० एस० अहलुवालिया** : सच बात है ।

**श्री लक्खीराम अग्रवाल** : बिल्कुल गलत बात है । जांच बैठाई जाए ।... (व्यवधान)

---

## RE. SEVERE CYCLONIC STORM IN COASTAL DISTRICTS OF TAMIL NADU

**SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN** (Tamil Nadu) : Madam, I am on some other issue.

On Saturday, the 4th of December, a severe cyclonic storm lashed the coastal districts of Tamil Nadu resulting in a great havoc and suffering to the people. All the standing crops have been destroyed. Vast area along the coast are under water. The entire telecommunication network has collapsed. There is power failure. All these areas are in darkness. The marooned villages cannot be reached. The people in these areas are undergoing a lot of suffering.